**सुविचार**

हर किसी के पास दिन में 24 घंटे ही होते है,
अगर आप कुछ करना चाहते है तो पहले इसका सही उपयोग कीजिये।

# अंतर्कथा

खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...



अंतर्कथा | वर्ष 26, अंक 26 | Web :- www.antarkatha.com | Youtube:- antarkatha news | शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 | पेज- 1


# पटना के होटल में आग, 6 की मौत

## 20 घायल पीएमसीएच में भर्ती, 45 का रेस्क्यू; कई लोगों ने कूदकर बचाई जान

अंतर्कथा प्रतिनिधि

पटना :-राजधानी पटना में जंक्शन के ठीक सामने स्थित बहुमंजिल पाल होटल में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। सुबह करीब साढ़े 10 बजे आग की सूचना सामने आयी और लगभग आधे घंटे के अंदर पूरी बिल्डिंग आग और धुएं से भर गई। होटल के बगल वाली बिल्डिंग में भी आग पहुंच गई और दोनों बिल्डिंग से सिर्फ आग और धुआं ही दिखा। इससे सटे पटना किराना को भी आग से खतरा है। अग्निशमन दस्ते का इंतजाम इस आग के सामने कमजोर साबित हो रहा है। बिल्डिंग के सामने स्थित पुल पर भी भीषण जाम लग गया है और स्टेशन रोड भी पूरी तरह जाम है। इधर, अगलगी के करीब डेढ़ घंटे एक शख्स की लाश बाहर निकाली गई। इसके आधे घंटे बाद दो युवतियों की लाशें बाहर निकाली गई।पटना सेंट्रल रेंज के टीएसपी सत्य प्रकाश ने पुष्टि करते हुए बताया कि पाल होटल में लगे आग की घटना में छह लोगों की मौत हुई है। इसमें तीन महिला एवं तीन पुरुष हैं। दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि पीएमसीएच में इलाज के लिए लगभग 20 लोगों को भर्ती कराया गया है।




### रसोई गैस से लगी आग

स्थानीय लोगों का कहना है कि किचन में लगी आग ने चार मंजिला इमारत को अपनी जद में ले लिया। ऊपर के फ्लोर पर नाश्ता कर रहे लोग इसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के होटल और दुकानों के लोग बाहर निकलकर सड़क पर आ गए। फायर ब्रिगेड की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर लोगों को बाहर निकालने में जुटी हुई है।

## हरियाणा में खुदाई में मिलीं 400 साल पुरानी मूर्तियां, JCB ड्राइवर की वजह से खुली पोल



चण्डीगढ़ : हरियाणा में मानेसर के निकट बाघनकी गांव में निर्माण परियोजना के लिए खुदाई के दौरान करीब 400 साल पुरानी धातु की तीन मूर्तियां मिली हैं. पुलिस के अनुसार, जेसीबी मशीन से एक नए घर की नींव खोदे जाने के दौरान मूर्तियां मिलीं. पुलिस ने बताया कि शुरू में, भूखंड मालिक ने इसे छिपाने की कोशिश की और जानकारी छिपाने के लिए जेसीबी ड्राइवर को पैसे की पेशकश भी की, हालांकि ड्राइवर ने पुलिस को इसकी जानकारी दे दी. पुलिस ने बताया कि खुदाई में भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी की एक-एक मूर्ति और देवी लक्ष्मी व भगवान विष्णु की एक संयुक्त मूर्ति बरामद हुई.

## बीजेपी में शामिल हुए यूट्यूब मनीष कश्यप, मनोज तिवारी ने दिलाई पार्टी की सदस्यता



पटना : बिहार के फेमस यूट्यूबर मनीष कश्यप आज यानी गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। उन्हें भाजपा सांसद और फ़िल्म अभिनेता मनोज तिवारी ने बीजेपी की सदस्यता दिलाई है। बता दें कि मनीष कश्यप पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट से निर्दलीय मैदान में उतरे थे। बताया जा रहा है कि माता जी कहने पर मनीष भाजपा में शामिल हुए है।

## बसपा की नई लिस्ट जारी, रायबरेली सीट से घोषित किया प्रत्याशी



नई दिल्ली : बसपा ने गुरुवार को तीन उम्मीदवारों की नई लिस्ट जारी की है. बसपा की इस लिस्ट में रायबरेली, अम्बेडकरनगर और बहराइच लोकसभा सीट का नाम शामिल है और इन सीटों पर बसपा ने अपने उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है. रायबरेली लोकसभा सीट से ठाकुर प्रसाद यादव को उम्मीदवार बनाया है तो वहीं अम्बेडकरनगर सीट से कमर हयात अंसारी को पार्टी ने टिकट दिया है. इसके अलावा बहराइच लोकसभा सीट से बसपा ने बृजेश कुमार सोनकर को प्रत्याशी घोषित किया है. बसपा की तरफ से गुरुवार को इन प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की गई है.

**किस सीट पर कब होंगे चुनाव** : बसपा की तरफ से आज यूपी जिन तीन सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया गया है. उनमें से बहराइच लोकसभा सीट के लिए चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे. बहराइच से बीजेपी ने वर्तमान सांसद अक्षयबर लाल गौड़ के बेटे आनंद गौड़ को प्रत्याशी बनाया है तो वहीं समाजवादी पार्टी ने पूर्व विधायक रमेश गौतम को टिकट दिया है.


## कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को हाइकोर्ट से मिली राहत

रांची : मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी/एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित से छूट नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई. मामले में कोर्ट ने राहुल गांधी को राहत प्रदान करते हुए चाईबासा की निचली अदालत में उनके खिलाफ चल रही कार्रवाही पर रोक लगा दी. कोर्ट ने मामले में शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. दरअसल, पूर्व में मामले में हाई कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ चाइबासा की एमपी/ एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट पर एक माह के लिए रोक लगा दी थी.

# 32 लोगों के खिलाफ बैंक प्रबंधन ने दर्ज कराई एफआईआर

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : दो साल पहले जिस बैंक में सोने के गहनों को गिरवी रख करोड़ों रुपए लोन के तौर पर ली गई थी. वह सभी सोने के गहने नकली निकले. मामले का खुलासा तब हुआ जब लोन की किश्त बैंक को मिलनी बंद हो गई. जिसके बाद गिरवी के तौर पर बैंक में रखे गए सोने के गहने को नीलामी के लिए निकाला गया. गहनों की वैल्यू लगाने के दौरान सोने के गहने नकली पाए गए. इसमें बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आई है. बैंक के द्वारा कुल 32 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. जिसमे से चार बैंक के कर्मचारी भी शामिल हैं.




मामला जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा की है. बैंक प्रबंधक विश्व प्रताप सिंह ने बताया कि 3.5 किलो नकली सोने के गहने को गिरवी रख कर बैंक को करीब 28 लोगों ने 1.24 करोड़ का चूना लगाया है. इस धोखाधड़ी की घटना में बैंक के चार कर्मी भी शामिल हैं. बैंक मैनेजर ने बताया कि सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में अलग-अलग करीब 28 लोगों ने नकली सोने के गहने को गिरवी रखकर बैंक से कर्ज लिया था. सोने के गहने गिरवी रखे लोगों में बैंक को किशत भरना बंद कर दिया. जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ. बैंक में गिरवी के तौर पर रखे सोने के गहने को नीलामी के लिए वैल्यू लगाई जानी थी.

# झारखंड में बर्ड फ्लू ,1800 मुर्गियां और 1697 अंडे डिफ्यूज, डाक्टर की सलाह जरूर मानें

अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : रांची के होटवार में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद बुधवार को उस क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में जिंदा या मृत मुर्गियों के उत्पाद और अंडे की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई है। बताया गया कि होटवार में लगभग 1800 मुर्गी और चार सौ बतख थे।

पशु स्वास्थ्य संस्थान कांके के निदेशक सनथ पंडित ने बताया कि पुष्टि के बाद जिला पशुपालन अधिकारी की अगुवाई में टीम गठित कर नष्ट (कलिंग) करने का निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि संक्रमित पक्षियों के सुरक्षित निपटान की प्रक्रिया जारी है। वहीं पशुपालन निदेशालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। जिसमें कहा गया है कि पोल्ट्री एर्या के होटवा में एपिक सेंटर के एक किमी के अंदर सभी पक्षियों और अंडों को डिस्पोज करने, संक्रमित क्षेत्र की सफाई और डिस्इंफेक्शन एक्शन प्लान के तहत आरआरटी टीम का गठन किया गया है।



क्षेत्रीय पोल्ट्री फार्म के असिस्टेंट मैनेजर डॉ. गणेश राम महली ने बताया, 'हमें पोल्ट्री फार्म में और इसके एक किलोमीटर के दायरे में सभी पक्षियों और अंडों को डिस्पोज (निपटान) करने का निर्देश दिया गया। हमने इस काम के लिए एक टीम बनाई है। चूंकि बर्ड फ्लू की पुष्टि हो गई है, हमें लोगों को चिकन न खाने के लिए जागरूक करना होगा, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाएगा। अब तक 1697 अंडे और 1800 पक्षियों को डिस्पोज किया जा चुका है|

# ग्रामीणों और मजदूरों की समस्याओं को लेकर रागिनी सिंह मिली बीसीसीएल के सीएमडी से

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबादः झरिया कतरास समेत पूरे कोयलांचल में कोलियरी क्षेत्रों में ग्रामीणों और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दो को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जनता श्रमिक संघ की महामंत्री श्रीमती रागिनी सिंह ने अपने संगठन के विशेष प्रतिनिधिमंडल के साथ बीसीसीएल के सीएमडी




समीरन दत्ता से कोयला भवन स्थित बीसीसीएल मुख्यालय में मुलाकात की जहा कोलियरी क्षेत्र में पानी, बिजली ,स्वास्थ्य ,शिक्षा , सड़क समेत कई गंभीर विषयों पर वार्ता हुई जिसमे झरिया कोलफील्ड क्षेत्रों में उत्खनन स्थलो के गढ़ों में जमाव जल को शुद्ध कर ग्रामीणों के लिए पानी की व्यवस्था करने को लेकर वही झरिया से बेलगढिया में विस्थापित लोगो को रोजगार की समस्या हो जाने से भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है ऐसे में उन्हें जबतक रोजगार नहीं मिल जाता उन्हे झरिया में ही रोजगार उपलब्ध कराई जाए साथ ही बेलगढ़िया में रोजगार की समुचित व्यवस्था कराई जाए वही कतरास सिजूआ एरिया 5 के नगरीजोर नदी में ओबी डंप करने के कारण नदी का अस्तित्व खत्म हो गया है जिससे वहा के स्थानीय ग्रामीणों को पानी की घोर समस्या से जूझना पड़ रहा है इसके लिए प्रबंधन वैकल्पिक व्यवस्था कर लोगो को पानी की व्यवस्था करे। जहा सीएमडी समीरन दत्ता ने सभी मुद्दों और मांगो पर विचार कर जल्द से जल्द सभी मांगों को पूरा करने का आश्वाशन दिया।इस दौरान जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिन्हा केंद्रीय सचिव सतेंद्र कुमार सिंह श्री संतोष कुमार सिंह शिव कुमार यादव समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अलग अलग सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत 5 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल

अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। शादी समारोह से लौटने के क्रम में पुटकी में बुधवार की रात दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत एक 5 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को धनबाद के अलग अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पुटकी 13 नंबर निवासी कांग्रेस नेता दिनेश पासवान की पत्नी दुलारी




देवी ( 36 ) 4 - 5 महिलाओं के साथ पुटकी श्रमिक क्लब शादी समारोह से लौट रही थीं। तभी पुटकी बाजार में पीछे से तेज गति से आ रही पल्सर संख्या जेएच 10 बीटी /3891 ने धक्का मार दिया. घटना में महिला का एक पैर टूट गया। वहीं दूसरी घटना में एक पाँच वर्षीय बच्चा अपने दादा के साथ उसी शादी समारोह से ही लौट रही थी। तभी एक बाइक ने उसे ठोक दिया। घटना में बच्ची के सिर पर गंभीर चोट लगी है। मौके से बाइक चालक फरार हो गया. जबकि पीछे बैठे उसके साथी को लोगों ने पकड़ लिया व उसकी पिटाई कर दी।

# स्वास्थ्य विभाग में निकाली जागरूकता रैली

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली सदर अस्पताल से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक पर समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु एएनएम, सेविका, सहिया, एनसीसी छात्र मौजूद थे। इस संबंध में वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को बताया कि जन जागरूकता और जन भागीदारी ही मलेरिया के रोकथाम का सबसे कारगर उपाय है। साथ ही लोगों को अपने आस पास साफ सफाई रखने के साथ खाली स्थानों पर बेवजह पानी के जलजमाव की रोकथाम की अपील की गई। बुखार होने पर मलेरिया जांच करवाने की सलाह दी गई।
वहीं एक अन्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग ने कोला कुसमा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासी विद्यालय में जागरूकता सह प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार, वी.बी.डी. सलाहकार श्री रमेश कुमार सिंह, एमओआईसी सदर सीएचसी डॉ राजीव कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

# डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई।
जागरूकता रैली सुबह 9 से रंगताड़ चौक से निकल कर धनबाद रेलवे स्टेशन होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान सकड़ों किन्नर मौजूद रहें। रैली के दौरान वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर द्वारा रैली में मौजूद सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।
रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया। इस दौरान स्वीप पंपलेट, हैंडबील आदि वितरित किए गए।

# धनबाद में मिला कोरोना पाज़िटिव मरीज , स्वास्थ्य विभाग हुआ अलर्ट

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : धनबाद में करीब एक साल बाद फिर से कोविड ने दस्तक दी है. कोयलांचल में एक शख्स कोरोना पॉजिटिव पाया गया है. डॉक्टरों ने तुरंत ही उसे केंद्रीय अस्पताल स्थित कोविड वार्ड में भर्ती करा दिया.
इस संबंध में जिले के सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन ने बताया कि पश्चिम बंगाल से एक बीसीसीएल कर्मी आया है. जिसमें कोरोना के लक्षण पाए गए हैं. उसे इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल स्थित कोविड वार्ड में भर्ती कराया गया है.
इसके अलावा सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन ने बताया कि मरीज के बंगाल से धनबाद तक की जानकारी जुटाई जा रही है. जिससे यह पता चल सके कि उक्त संक्रमित व्यक्ति किन-किन लोगों से, कहां-कहां मिला. जिससे कि उसके संपर्क में आए व्यक्तियों की पहचान कर उनकी भी जांच कराई जा सके. बताया जा रहा है कि ढांगी मोड़ स्थित वसंत विहार निवासी 58 वर्षीय बीसीसीएलकर्मी वह कैंसर से भी पीड़ित हैं और वो 21 अप्रैल को कोलकाता के एचसीजी इको कैंसर सेंटर में इलाज कराने आए थे.

# चोरी करने व मारपीट मामले में चंद्रपुरा पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

अंतर्कथा प्रतिनिधि



बोकारो : चंद्रपुराः डीवीसी कालोनी के एक आवास में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक शख्स सहित मारपीट करने वाले एक युवक को चंद्रपुरा पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि कालोनी के पश्चिम पल्ली इलाके में डब्ल्यूसीबी 16/5 में 30 मार्च को चोरी हुई थी जिसमें सफलता मिली। गुप्त सूचना के आधार पर चंद्रपुरा के संडे मार्केट में रहने वाले रवि कुमार को पकड़ा गया तथा उसके पास से चोरी किया गया नकदी, दो सेट चांदी का पायल, चोरी में इस्तेमाल किया गया रॉड तथा एक बाइक बरामद किया गया। वहीं दुर्गापुर डोरमेट्री के पास मारपीट में घायल हरजीत सिंह की शिकायत पर आरोपी प्रथम कुमार उर्फ रोहन, पिता विनोद सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सहित सअनि अजमत हुसैन, माधो टुडू, मदन कुमार मेहता, कुलदीप महतो आदि शामिल थे।

# जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- **मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव-गांव, शहर-शहर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन**
- **लो टर्न आउट वाले बूथों पर स्वीप कोषांग की है विशेष फोकस**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 25 अप्रैल 2024 को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
जिसके तहत आज बलियापुर प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय दुधिया एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय डांगापाडा में आयोजित शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में सभी अभिभावकों को आगामी 25 मई 2024 को अपने मत का प्रयोग सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। सभी अभिभावकों को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।
वही बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय आमटाल मे अभिभावक- शिक्षक द्वारा शपथ लेकर मिटिंग के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव 25 मई को शत प्रतिशत मतदान करने संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।
स्वीप कार्यक्रम के तहत तोपचांची प्रखंड के बुथ संख्या- 508, 271, 252, 234, 282, 172, 170, 240, 240, 241, 242, 243, 273, एवं 212 के स्कूल एवं घर-घर जाकर स्वीप कार्यक्रम किया गया एवं मतदान जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कराया गया।
सेल कोलियरी में कार्यरत कर्मी एवं आस-पास के सदस्यों द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाकर शपथ ली गई। मतदान के महत्व और नए मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में जागरूकता फैलाया गया। इस दौरान स्वस्थ लोकतंत्र के लिए लोगों को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# अनुपमा सिंह के पक्ष में कोयला मजदूरों को गोलबंद करने की अपील - पीएन तिवारी

अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक गुरुवार को मुनीडीह स्थित यूनियन कार्यालय में संगीता तिवारी की अध्यक्षता में हुई। मौके पर मौजूद यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष पीएन तिवारी ने यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से धनबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में कोयला मजदूरों को गोलबंद करने की अपील की। बैठक में विद्यासागर राय, सुचिन सिंह, उपेन्द्र महतो, विकास कुमार, रमेश सिंह, मो निजामुद्दीन व अन्य थें।



## दुल्लू के नामांकन पर धनबाद आयेंगे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : धनबाद लोक सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो 30 अप्रैल को नामांकन करेंगे। मौके पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा धनबाद आएंगे। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह वर्तमान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहेंगे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आजसू के सुदेश महतो भी आ सकते हैं। ढुलू महतो के नामांकन के दिन यानी 30 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी की ओर से जनसभा का भी आयोजन किया गया है। जनसभा को भजन लाल एवं बाबूलाल मरांडी आदि संबोधित करेंगे। जनसभा को लेकर प्रशासन से अनुमति मांगी गई है। गोल्फ ग्राउंड या स्पोर्टस कांप्लेक्स में जनसभा की अनुमति मांगी गई है। प्रशासन की ओर से जहां जनसभा की मंजूरी दी जाएगी वहीं आयोजन किया जाएगा। नामांकन के दिन जनसभा में भीड़ जुटा भाजपा बड़ा संदेश देने की कोशिश करेगी।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने सड़क पर उतरा किन्नर समाज, रोल्स4 रॉयस पर सवार होकर थर्ड जेंडर ने निकाली रैली, गाजे-बाजे के साथ की मतदान की अपील

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : भारत निर्वाचन आयोग की पूरी कोशिश है कि इस बार लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हो। इसके लिए हर वो जतन किए जा रहे हैं, जिससे लोगों तक मतदान के महत्व को बताया जा सके और उन्हें बूथों तक लाया जा सके।

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने सड़क पर उतरा किन्न र समाज**

इस कड़ी में किन्नर समाज भी चुनाव का पर्व, देश का गर्व में अपनी भागीदारी निभाने के लिए उतर चुका है। अभी तक बच्चे के जन्म अथवा शादी विवाह में गीत गाकर बधाई मांगने वाला थर्ड जेंडर अब सड़कों पर उतर गीत गा रहे हैं और अपने गीतों के माध्यम से बधाई नहीं बल्कि लोगों से मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

**रोल्स रॉयस पर सवार होकर थर्ड जेंडर ने निकाली रैली**

गुरूवार की सुबह थर्ड जेंडर की ऐसी ही एक शानदार रैली सड़कों पर निकली। दुनिया की चहेती रोल्स रॉयस कार, बैंड पार्टी, ढोल और किन्नरों की टोली सड़कों पर गीत गाते हुए चल रही थी।

यह जागरुकता अभियान अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश की ओर से आयोजित किया गया था। सभी किन्नरों ने सफेद रंग की साड़ी पहन रखी थी।

**गीत गाकर समझाया वोट का महत्व**

इन्होंने अपने गीत के माध्यम से यह बताया कि मतदान नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार है। यह देश के विकास में लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित करता है। किन्नरों ने एक वोट के महत्व को भी समझाया।

थर्ड जेंडर की यह रैली धनबाद शहर के बैंक मोड़, श्रमिक चौक, पूजा टाकिज चौक, डीआरएम चौक होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक पहुंची। किन्नरों ने कहा कि मतदान जरूरी है। मतदान के दिन सबसे पहले अपना वोट डालें और फिर अपना काम करें। यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा में डिस्पैच सेंटर एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों का किया निरीक्षण

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों में में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने निरसा विधानसभा हेतु क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों के संबंध में निरसा के एआरओ एवं भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, बैरिकेडिंग, पार्किंग, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। वही पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस ऑफिसर के बैठने समेत मेडिकल टीम हेतु स्थान चिन्हित किया गया। साथ ही डॉन बॉस्को रामकनाली में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी इसको लेकर उपायुक्त से व्यवस्था करने हेतु दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक ली ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग

**▸ ईवीएम के ट्रबल शूटिंग पर दिया विशेष प्रशिक्षण**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक, त्रुटि रहित संपन्न कराने तथा वोटर टर्नआउट बढ़ाने के उद्देश्य से आज श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय में सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग तथा मॉक पॉल सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सभी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे सभी अधिकारियों को उनके नेतृत्व में चुनाव कराना है। इस दौरान जो भी समस्या आएगी उसका समाधान भी उनको करना है। इसलिए आज सभी पदाधिकारी को ईवीएम का थ्योरेटिकल एवं प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया गया। वे खुद ईवीएम की तकनिकों को जान लेंगे तो चुनाव के दौरान कोई परेशानी नहीं होगी। इससे वोटर टर्नआउट बढ़ेगा, वोटर्स को अधिक फैसिलिटी मिलेगी। साथ ही पोलिंग पार्टी, पोलिंग स्टाफ किसी को चुनाव में कोई समस्या नहीं होगी।

## बैठने से पहले ड्राइवर ने चलायी कार ,बाल - बाल बचे एडीजी,चालक पर कार्रवाई की तलवार लटकी

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद लाठकर बुधवार की दोपहर एक दिवसीय दौरे पर धनबाद पहुंचे। बरवाअड्डा पुलिस ऑफिस में पुलिस अफसरों से बातचीत के बाद सर्किट हाउस जाने के दौरान उनकी कार के चालक ने उनके बैठने से पहले ही गाड़ी भगा दी। एडीजी सजग थे और वे संभल गए। इस घटना में वे बाल-बाल बच गए। घटना के बाद एडीजी के चालक पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें चालक की लापरवाही साफतौर पर देखी जा सकती है। एडीजी बुधवार की दोपहर हेलीकॉप्टर से बरवाअड्डा हवाई पट्टी पहुंचे। वहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस अधिकारियों के साथ देर शाम तक विशेष बैठक के बाद एडीजी रात्रि विश्राम के लिए सर्किट हाउस पहुंचे। सर्किट हाउस में देर रात तक एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी अजीत कुमार और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी डटे रहे। एडीजी लगातार एसएसपी से चुनाव संबंधी तैयारियों के संबंध में जानकारी लेते रहे।

धनबाद में छठे चरण यानी 25 मई को चुनाव होना है। छठे चरण के चुनाव के लिए नोटिफिकेशन 29 अप्रैल को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख छह मई रखी गई है। अधिसूचना जारी होने के साथ पुलिस की जिम्मेवारियां बढ़ जाएंगी। जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में धनबाद लोकसभा के लिए तथा दो विधानसभा में गिरिडीह लोकसभा के लिए मतदान होना है। पुलिस ने सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण चुनाव की तैयारियां की हैं।

# भीषण गर्मी को देखते हुए पिछले एक सप्ताह से धनबाद गोमो और कोडरमा तीनों स्टेशनो पर जल वितरण का किया जा रहा कार्य

**▸ मंडल रेल प्रबंधक महोदय जी के निर्देशानुसार एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी महोदय जी के नेतृत्व में जल वितरण का कार्य किया गया**

अंतर्कथा प्रतिनिधि



धनबाद: इस भीषण गर्मी को देखते हुए माननीय मंडल रेल प्रबंधक श्री के.के.सिन्हा सह अध्यक्ष भारत स्काउट्स एंड गाइड्स महोदय के निर्देशानुसार एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अजित कुमार सह जिला आयुक्त स्काउट के नेतृत्व में धनबाद गोमो और कोडरमा स्टेशन पर शीतल जल वितरण करने का संकल्प लिया गया। जिसको पूरा करने के लिए भारत स्काउट्स एंड गाइड्स धनबाद मंडल के सीनियर स्काउट्स गाइड्स, रोवर, रेंजर्स एवं लीडर्स ने मिलकर इसे सफलतापूर्वक सफल बनाने में हर सम्भव अपना अपना योगदान दिया। बीते एक हफ्ते से धनबाद स्टेशन,गोमो स्टेशन एवं कोडरमा स्टेशन पर आने जाने वाले द्वितीय श्रेणी के रेल यात्रियों को शीतल पेय जल यात्रियों तक पंहुचाया जा रहा हैं।

यात्रियों द्वारा हमारी संस्था भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के इस कार्य को सरहाया। उनका कहना है कि इस चिलचिलाती गर्मी में आपसबों के द्वारा लिया गया संकल्प बहुत ही नेक है जिससे हमलोगों को शीतल पेय जल का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिससे हमारी आत्म संतुष्टि हो पा रही है। क्योंकि इस भीड़ से निकलकर पानी लेना युद्ध लड़ने के बराबर है। आप लोग अच्छे कार्य कर रहे है यूँही करते रहे हम सब की दुआ आप सबो के साथ है। यह सिर्फ हमारी संगठन की ताकत और सकारात्मक पहल है जिससे हमलोग यात्रियों तक पहुँचकर उनकी मदद कर पा रहे है । लोगो का कहना था कि इस पहल के लिए आपके मंडल रेल प्रबंधक महोदय एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी को आभार एवं साधुवाद।

# पहाड़ पर अचानक आग लगने से अत्यधिक पेड़ नुकसान, कारणो का पता नहीं

अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: गुरूवार को झाझा थानाक्षेत्र के नारगंजों के समीप सिरसा जंगल में अचानक आग लग गई। जंगल में आग लगने से कई हरे भरे पेड़ पौधा जल गया। दरअसल सिरसा जंगल के पहाड़ों पर धुंआ उठते देखकर लोगों को कुछ समझ नही आया और कुछ लोग पहाड़ के नजदीक जंगल में जाकर देखा तो पहाड़ के उपर जंगल में आग की लपेटे और धुंआ काफी तेजी से बढ़ते जा रहा था। पहाड़ के उपर में जंगल में बढ़ती आग की लपेटे और तेज धुआ देखकर स्थानीय




लोगों की हिम्मत भी नजदीक जाकर आग बुझाने फैल साबित होते दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहाड़ काफी ऊंचा है और जंगल भी काफी घना है और वहां तक जाने का रास्ता भी मुश्किल है। इसके अलावे उतनी ऊंचाई पर पानी पहुंचाने का संसाधन भी नही है जिसके कारण आग बुझाने की कोशिश हो सके। स्थानीय लोगों ने जंगल में आग लगने की सूचना वन विभाग को भी दिया। जंगल में आग कैसे लगी यह लोगों को पता नही चल पाया।

## रामनवमी मेला के अवसर पर हर वर्ष कि तरह हुआ फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

अंतर्कथा प्रतिनिधि



बरहरवा- पतना प्रखंड स्तिथ बिंदुधाम मंदिर कि तलहटी में लगे रामनवमी मेले के अवसर पर हर वर्ष आयोजित होने वाली फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जाता है। इसको लेकर इस बार फिर से इलेवन स्टार क्लब बिंदुधाम के तरफ से फुटवाल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इस फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन बिंदुधाम मंदिर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शक्तिनाथ अमन और महासचिव दिनेश कर्मकार ने संयुक्त रूप से किया।

टूर्नामेंट का पहला मैच एफसी आतापुर और सोरेन स्टार बांझी केंद्र के बीच खेला गया जिसमे बांझी कि टीम ने एक गोल से इस मैच को जीता। बताते चले कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है,हर टीम एक दूसरे के साथ मैच खेलेगी और अच्छी खेलने वाली दो टीमों के बीच फाइनल मैच का रोमांचक मुकाबला होगा। मौके पर खेल के कमंटेटर के रूप में सुशील मड़ैया ने सफल संचालन से खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। खेल प्रेमियों में जॉय सोरेन,जॉन टुडू,रणजीत टुडू समेत अन्य मौजूद थे।

## कम्युनिटी हेल्थ सेंटर रामपुर में 25 अप्रैल 2024 की दोपहर विश्व मलेरिया दिवस को लेकर शपथ ग्रहण

अंतर्कथा प्रतिनिधि



लखीसराय -: 25 अप्रैल 2024 की दोपहर विश्व मलेरिया दिवस को लेकर शपथ ग्रहण करवाया गया यह शपथ ग्रहण चानन प्रखंड के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर रामपुर में करवाया गया। लोगों ने कहा कि मैं संबंध में शपथ ले रहा हूं। लोगों ने शपथ लिया कि अपने जिले से मलेरिया रोग को समाप्त करने में अपना सहयोग देंगे। अपने घर के आसपास जल जमाव नहीं होने देंगे तथा मच्छरों को पनपने से रोकेंगे, जब भी सोएंगे मच्छरदानी के अंदर ही सोएंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। अपने आसपास गड्ढे नालों में कीटनाशी तथा केरोसिन तेल का छिड़काव करेंगे। बुखार होने पर सरकारी अस्पताल में ही जाएंगे तथा चिकित्सक के परामर्श के अनुसार अपना पूर्ण उपचार करेंगे। इस कार्य में असैनिक चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी लखीसराय ने लोगों से मलेरिया मुक्त जिले को लेकर संकल्प दिलवाने का काम करवाया है। मिली जानकारी में इस दौरान अस्पताल के अधिकारी और सारे कर्मचारी मौजूद थे।

## चापाकल खराब,यात्री हलकान कहा होती हैं परेशानी, चापाकल को करे मरम्मत

अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: नारगंजो स्टेशन के बाहरी परिसर में लगे चापाकल खराब रहने के कारण आसपास के दुकानदारों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह है कि दुकानदारों के साथ साथ राहगीरों को भी पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। नारगंजो होकर घोरपारन,सिमुलतला या फिर बलियाडीह झाझा आने जाने वाले राहगीरों को जब प्यास लगती है लेकिन चापाकल खराब रहने के कारण वे लोग



भीषण गर्मी में प्यास बुझाए ही पानी की तलाश में आगे निकल जाते है। स्थानीय विकास कुमार, मंगर यादव, आर्यन टुडू, बासुदेव हांसदा, सोमरा बास्के, जियाउद्धीन, जोसेफ टुडु ने बताया कि चापाकल काफी दिनों से पड़ा हुआ है लगातार हमलोग चापाकल मरम्मती को लेकर जिला के वरीय पदाधिकारी से गुहार लगा रहे लेकिन चापाकल नही बन पा रहा है जिसके कारण यहां के दुकानदारों के साथ स्थानीय लोग और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय कार्तिक कुसुम ने बताया कि चापाकल खराब रहने से हो रही परेशानी को लेकर जिलाधिकारी जमुई को भी पत्र लिखा गया लेकिन अबतक इस सकरात्मक पहल नही हो सकी जिसके कारण लोगों को पानी पीने के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

## पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

अंतर्कथा प्रतिनिधि



साहेबगंज -: साहेबगंज जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने रांगा थाना क्षेत्र के पतना प्रखंड अंतर्गत आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सुदूर और संवेदनशील इलाकों में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसी क्रम में रांगा थाना के सीमा पर बने अंतराज्य चेकनका का औचक निरीक्षण किया और वहां प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चेक पोस्ट से गुजरने वाली सभी वाहनों का सघन जांच करे और संदिग्ध लोगों पर पैनी नजर रखे और वाहनों में ये भी देखे कि कहीं कोई अवैध हथियार,अवैध नगदी या कोई भी नशीला पदार्थ तो लेकर नही जा रहा। अगर होता है तो इन सबों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कारवाही करे ताकी आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। मौके पर रांगा थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह और बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा भी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98